# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

वन भवन, ब्लॉक-'ए' पुरूलिया रोड़, चास, बोकारो-827013

Email – cf-bokaro@gov.in, bokarocf@gmail.com, cfbokaro@rediffmail.com मो० – 8987790301


पत्रांक : 908, दिनांक : 01.12.2022

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
धनबाद वन प्रमण्डल।

**विषय :–** **बी0सी0सी0एल0 बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी हेतु प्रस्तावित 133.69 हे0 (46.17 हे0 वनभूमि एवं 87.52 हे0 जंगल–झाड़ी) वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक 2681 दिनांक 23.11.2022।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि आपके प्रासंगिक पत्र के द्वारा समर्पित विषयगत वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के अवलोकन से निम्नलिखित त्रुटियाँ द्रष्टव्य है :–

1. प्रस्ताव के साथ पार्ट–II में वन प्रमण्डल पदाधिकारी के अनुशंसा पत्र की हस्ताक्षरित प्रति संलग्न नहीं की गई है।
2. परिवेश पोर्टल पर अपलोड किये गये पार्ट–II के क्रमांक–11 में वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन नहीं किये जाने का उल्लेख है, जबकि प्रस्ताव के साथ संलग्न Surface Plan Showing Notified Forest, Jangal/Jhari and Setteled Forest संबंधी मानचित्र में कई जगहों पर वनभूमि के अंदर पूर्व में किये गये ओ0बी0 डम्प को दिखाया गया है। वनभूमि पर ओ0बी0 डम्प का निर्माण वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन का द्योतक है। इस प्रकार से पार्ट–II में अंकित सूचना एवं मानचित्र में दर्शाया गया सूचना परस्पर विरोधाभाषी है।

अतः आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा समर्पित प्रस्ताव को संलग्न वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त त्रुटियों की विस्तृत समीक्षा कर वस्तुस्थिति को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

**<u>अनु0 :– यथोक्त।</u>**

विश्वासभाजन

01-12-22

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

01.12.2022